सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-219
30/04/2018

मुख्यमंत्री ने शब–ए–बरात के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 30 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शब–ए–बरात त्योहार के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शब–ए–बरात का त्योहार पवित्र है। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं। अपने पूर्वजों को याद करते हैं। उनके मगफिरत (चिर शांति) के लिए दुआओं के साथ–साथ समस्त इंसानियत के फलहा व बहबूद, विश्व शांति एवं भाईचारे के लिए खुदा से दुआयें करते है। आज की गई दुआयें खुदा की बारगाह में मकबूल होती है।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अपील की है कि वे इस पवित्र त्योहार को आपसी मेल–जोल और सौहार्द्र के वातावरण में मनायें और त्योहर की खुशी को सब मिलकर बांटे।

******